Transport for NSW

# सड़क सुरक्षा

## बसों में अपने बच्चे की मदद करना

आपके बच्चे को बस से उतरने के बाद के कुछ मिनटों में सबसे ज़्यादा खतरा होता है। यहाँ कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे आप इस जोखिम को कम कर सकते हैं:

- बस स्टॉप पर प्रतीक्षा करें और सड़क के किनारे से कम से कम एक कदम पीछे खड़े रहें।
- अपने बच्चे से हमेशा बस स्टॉप पर मिलें। कभी भी सड़क के दूसरी तरफ़ उनसे न मिलें और उन्हें सड़क के दूसरी तरफ न बुलाएँ।
- यदि आप अपने बच्चे से नहीं मिल सकते हैं, तो अपने स्थान पर किसी अन्य विश्वसनीय वयस्क व्यक्ति की व्यवस्था करें।
- बस के चले जाने तक प्रतीक्षा करें, फिर सड़क पार करने के लिए सुरक्षित स्थान चुनें। अपने बच्चे का हाथ पकड़ना और **रुकें! देखें! सुनें! सोचें!** याद रखें।
- याद रखें कि जब तक आपका बच्चा कम से कम 8 साल का न हो जाए, तब तक फुटपाथ पर और सड़क पार करते समय उसका हाथ पकड़ें। फिर, जब तक वह कम से कम 10 साल का न हो जाए, तब तक अपने बच्चे पर बहुत ध्यान से नज़र रखें और सड़क पार करते समय उसका हाथ पकड़ें।

**सड़क पर सुरक्षित रूप से यात्रा करने की आदतें बच्चे आपसे सीखते हैं और जब वे अकेले यात्रा करने लायक बड़े हो जाएंगे तो वे इन्हें जारी रखेंगे।**

### किंडरगार्टन से लेकर दूसरी कक्षा तक के बच्चों के साथ साझा करने के लिए महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा संदेश

किसी बड़े का हाथ तब पकड़ें जब:

- आप सड़क पार करते हैं
- आप फुटपाथ पर हैं
- आप कार पार्क में हैं

### कक्षा 3 और 4 में अपने बच्चे के साथ साझा करने के लिए प्रमुख सड़क सुरक्षा संदेश

- सड़क पार करते समय किसी वयस्क का हाथ पकड़ें (कम से कम 10 वर्ष की आयु तक)
- सुरक्षित जगह से सड़क पार करें

### 5वीं और 6टी कक्षा के अपने बच्चे के साथ साझा करने के लिए प्रमुख सड़क सुरक्षा संदेश

- हर बार जब आप सड़क पार करें तो **रुकें! देखें! सुनें! सोचें!** और तब तक चेक करते रहें जब तक कि आप सुरक्षित रूप से सड़क पार न कर लें

### किंडरगार्टन से छठी कक्षा तक के अपने बच्चे के साथ साझा करने के लिए महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा संदेश

- बस के जाने तक प्रतीक्षा करें और फिर सुरक्षित जगह से सड़क पार करें

सड़क पर बच्चों को सुरक्षित रखने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **safetytown.com.au** पर परिवार (families) सैक्शन देखें।

स्टॉक कोड 45095239 जून 2024 © ट्रांसपोर्ट फॉर NSW

NSW GOVERNMENT

एनएसडब्ल्यू की सड़कों पर बहुत सी जानें गईं हैं।
**हमारा लक्ष्य इसे शून्य बनाना है।**

TOWARDS ZERO